धर्म

राघव जी के राज्याभिषेक के साथ हुआ नौ दिवसीय कथा का समापन

# प्रभु श्रीराम के समरस दर्शन में डूबी रही संस्कारधानी





**नवभारत,जबलपुर।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्म स्तुति भए प्रकट कृपाला में आने वाली पंक्ति 'यह सुख परम अनूपा..' को रामदृष्टा स्वामी रामभद्राचार्य ने साकार कर दिया। नौ दिवसीय रामकथा की पावन रसधारा ने शहरवासियों को तो पावन किया ही, आयोजक संस्था समरसता सेवा संगठन के समरसता संबंधी विचार की मंत्रध्वनि की दुंदभी बजा दी। ये पहला अवसर था जब रामकथा में सर्व जाति समाज के 42 प्रतिनिधियों ने रामरस की समरस गंगा बहा समरसता की अलख जगाई। नवाह कथा के समापन दिवस पर हर कोई ये समझ गया कि महाराजजी ने कथा की विषय चौपाई 'राम जनम जग मंगल हेतू' क्यों रखी। इस कथा ने ये जीवन सूत्र दिया कि रामनाम की प्रेम धारा ही समाज में समरसता का संचार कर सकती है।

### नर्मदा की गोद में राघव सेवा

मां रेवा के भटोली स्थित कालीघाट तट में अलभोर पहुंचे हजारों श्रद्धालु उस समय धन्य-धन्य हो गए, जब उन्होंने जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी को राघव सेवा करते देखा। महाराज जी अपने परिकरों के साथ सुबह पांच बजे नर्मदा तट पहुंचे और उन्होंने वैदिक विधान के अनुरूप नर्मदा स्नान किया। स्नानोपरांत उन्होंने वशिष्ठानंदन राघव जी और कौशल्यानंदन राघव जी का भाव विहल होकर अभिषेक और पूजन अर्चन किया।

### संदीप जैन रहेंगे आजीवन संस्थापक अध्यक्ष

नई घोषणा के उपरांत जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने मंच से नए पदाधिकारियों को आशीर्वाद देते हुए कहा समरसता सेवा संगठन के नए अध्यक्ष एवं नए सचिव बन गए है, इस संगठन का शुभारम्भ मैंने ही किया था इसीलिए अपने अधिकार से यह घोषणा करता हूं कि संदीप जैन इस संगठन के आजीवन संस्थापक अध्यक्ष रहेंगे और मै स्वयं आजीवन इस संगठन का संरक्षक रहूंगा।

### इशिता विश्वकर्मा के भजनो से मंत्र मुग्ध हुए श्रोता

श्रीराम कथा के अंतिम दिवस पर सारेगामापा विजेता जबलपुर की गौरव बेटी सुश्री इशिता विश्कर्मा ने भगवान राम के भजनो की प्रस्तुति दी। उनके ठुमक चलत रामचंद्र, बाजत पैजानिया सुनकर न सिर्फ श्रोता अपितु जगद्गुरु भी मंत्र मुग्ध हो गए। जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी ने भी अपनी वाणी से इस भजन को गाया। इशिता विश्वकर्मा के साथ ही प्रतिदिन की भांति कथा समापन पर देवी गुण गायक मनीष अग्रवाल मोनी, रुपाली कुसुमकर एवं अन्य गायकों ने भजनों की प्रस्तुति दी।



# 90 फुट ऊंचा बसंती निशान साहिब लहराया

आज दिनभर रहेगी बैसाखी महापर्व की धूम

**नवभारत,जबलपुर।** बैसाखी महापर्व के शुभ अवसर पर गुरुद्वारा प्रेमनगर में जोशीले धार्मिक जयकारों के बीच उत्साह भरे माहौल में साध संगत द्वारा कारसेवा के साथ 51 मीटर वस्त्र से निर्मित हाइड्रोलिक सिस्टम से लैस 90 फुट ऊंचा बसंती निशान साहिब लहराया गया। श्री प्लाहा भंबरा परिवार ने चोला साहिब अर्पण कर यश प्राप्त किया वहीं गुरसिंघ सभा ने उन्हें सिरोपा प्रदान कर सम्मानित किया। बैसाखी महापर्व आज नगर के विभिन्न स्थानों में धूमधाम से मनाया जाएगा। सिख समाज के मीडिया प्रभारी प्रदीप सिंह भोगल ने बताया कि मुख्य आयोजन आज गुरुद्वारा प्रेमनगर में प्रात: 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक तथा रात्रि 7 बजे से अर्धरात्रि 11.45 बजे तक



विशाल कीर्तन दरबार एवं गुरु का लंगर आदि कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। जिसमें श्री दरबार साहिब अमृतसर स्वर्णमंदिर के हुजूरी रागी जत्था गगनदीप सिंह, गुरुवाणी मीमांसक ज्ञानी सुखविंदर सिंह, लुधियाना, ढाड्डी जत्था लवप्रीत सिंह जोश, अकाल तख्त, अमृतसर सहित अनेक विद्वतजन शिरकत करेंगे। इस दौरान पंज प्यारों द्वारा परंपरागत अमृत संचार किया जाएगा।

### उपस्थिति की अपील

आयोजन समिति के अध्यक्ष मंजीत सिंह ननडा, सुरिंदर सिंह होरा, चरणजीत सिंह कैला, हरमीत सिंह धन्जल, बलजीत सिंह मांगट, अवतार सिंह प्लाहा, अजायब सिंह कैंबो आदि ने नगर के धर्मप्राण श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।

### गुरुद्वारों को आकर्षक विद्युत छटा से किया रोशन

इस महापर्व के मौके पर गुरुद्वारों को आकर्षक विद्युत छटा से रोशन किया गया है। दूसरी तरफ प्रशासनिक अधिकारियों ने आवश्यक व्यवस्थाओं के मद्देनजर कार्यक्रम स्थल का मुआयना कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# डेढ़ साल के मासूम आयुष की हुई सफल हृदय सर्जरी

आयुष्मान भारत योजना से मिली नई जिंदगी

**नवभारत, जबलपुर।** जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत एक सराहनीय पहल देखने को मिली, जहां मात्र 1 वर्ष 3 माह के बालक आयुष काछी को गंभीर हृदय रोग से मुक्ति दिलाकर नया जीवन प्रदान किया गया। यह संभव हो सका आयुष्मान भारत योजना के तहत नि:शुल्क उपचार से।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिहोरा विकासखंड के वार्ड नंबर 12, हृदय नगर निवासी आयुष काछी जन्म से ही हृदय रोग से पीड़ित था। स्वास्थ्य



परीक्षण के दौरान आरबीएसके टीम की डॉ. निशा पटैल एवं एएनएम रेबेका चौधरी ने बालक की गंभीर स्थिति को पहचानते हुए तत्काल इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी। इसके बाद जिला स्तर पर समन्वय स्थापित कर विशेषज्ञों से जांच कराई गई और आवश्यक अनुमोदन मिलने पर बालक को बड़ेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल, जबलपुर में भर्ती कराया गया। 10 अप्रैल 2026 को वहां बालक की सफल हृदय सर्जरी की गई, जो पूरी तरह नि:शुल्क रही।

### परिजनों ने जताया आभार

सर्जरी के बाद स्वस्थ हुए बालक के परिजनों ने प्रदेश शासन, जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग तथा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। इस पहल ने एक बार फिर साबित किया कि समय पर पहचान और उचित उपचार से गंभीर बीमारियों से भी जीवन बचाया जा सकता है।

# छात्रों ने जाना जीवनशैली व रोकथाम का महत्व

**नवभारत, जबलपुर।** शिक्षा के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सनातन धर्म पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, हाथीताल में 'कैंसर अवेयरनेस टॉक' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन विद्यालय अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री तरूण भनोट द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विख्यात ऑन्कोलॉजिस्ट एवं राज्य कैंसर संस्थान के प्रोफेसर डॉ. श्याम रावत ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को कैंसर के शुरुआती लक्षण, समय पर निदान तथा आधुनिक उपचार पद्धतियों की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. रावत ने छात्राओं को एचपीवी वैक्सीनेशन की आवश्यकता पर जागरूक किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी।



कार्यक्रम में उपाध्यक्ष धनवंत राय सेठी, सचिव अनुपम आनंद, अन्य कार्यकारिणी सदस्य, प्राचार्या सुश्री मौलश्री दुबे सहित शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्याम रावत ने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सरलता से समाधान किया, जिससे सत्र अत्यंत संवादात्मक और ज्ञानवर्धक बन गया।

# कलाकारों की नाट्य प्रस्तुतियों ने बांधा समां

नाट्य लोक की प्रभावशाली प्रस्तुतियों से दर्शक हुए भावविभोर

**नवभारत, जबलपुर।** समरसता सेवा संगठन द्वारा 5 अप्रैल से 13 अप्रैल 2026 तक आयोजित पावन श्रीराम कथा, परम पूज्य जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी की अमृतमयी श्रीवाणी से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत बना रहा। इसी क्रम में नाट्य लोक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा 5 से 12 अप्रैल तक निर्देशक दविन्दर सिंह ग्रोवर के निर्देशन में



विविध विषयों पर आधारित प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुतियां दी गईं। इन प्रस्तुतियों में भक्तिमति शबरी, रानी दुर्गावती, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व-बोध एवं स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य तथा शंकर शाह-रघुनाथ शाह जैसे महत्वपूर्ण विषयों को मंचित किया गया। वरिष्ठ रंगकर्मी विनय शर्मा के साथ पराग तेलंग, मानसी सोनी, माही सोनी, देवेंद्र झरिया, जतिन झरिया, विकी तिवारी, श्रुति दुबे, भावना विश्वकर्मा, माही गुप्ता, तन्मय जायसवाल एवं अन्य कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय से प्रस्तुतियों को जीवंत बना दिया।

# रैली, माल्यार्पण से लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम तक उत्साह

डॉ. भीमराव आम्बेडकर की 135वीं जयंती पर होंगे विविध आयोजन



**नवभारत, जबलपुर।** शहर में आज 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर शहरभर में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रैली, बुद्ध वंदना, माल्यार्पण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के सम्मान के साथ यह दिन श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। संयुक्त बौद्ध विहार समिति, डॉ. आम्बेडकर कॉलोनी अधारताल द्वारा प्रात: 8 बजे त्रिरत्न बुद्ध विहार, लुम्बनी बुद्ध विहार एवं धम्मदीप बुद्ध विहार से रैली प्रारंभ होकर अधारताल चौक होते हुए डॉ. आम्बेडकर चौक (हाईकोर्ट) तक पहुंचेगी, जहां सदस्यों द्वारा प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा बुद्ध वंदना की जाएगी। कार्यक्रम में अध्यक्ष रमेश कामडे, शैलेन्द्र मेश्राम, सचिव मनीष मेश्राम, सचिन मेश्राम आदि ने उपस्थिति की अपील की है।

### त्रिरत्न बुद्ध विहार में दिनभर होंगे कार्यक्रम

त्रिरत्न बुद्ध विहार में सुबह 8 बजे सामूहिक माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। मुख्य अतिथि अर्जुन पाटिल एवं अध्यक्ष ओमप्रकाश चौर के नेतृत्व में बुद्ध वंदना की जाएगी। शाम 7 बजे पुन: वंदना और माल्यार्पण तथा रात्रि 10 बजे केक वितरण किया जाएगा। शैलेन्द्र मेश्राम, दिलीप गनवीर, सुनिल मानकर, वीरेन्द्र बौद्ध ने उपस्थिति की अपील की है।

### महिला मंडल करेगा प्रतिमा पर माल्यार्पण

बोधिसत्व नागार्जुन महाविहार महिला मंडल घमापुर द्वारा हाईकोर्ट चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। अध्यक्ष राजेश जनबन्धु, नन्दा पाटिल, सचिव धर्मशील चाटे एवं सुचित्रा भोवते, उमाकांत गजभिये, सिद्धार्थ उरकुड़े, आशीष गजभिये, मनीषा मेश्राम ने उपस्थिति की अपील की है।

### मेधावी छात्र होंगे सम्मानित

बोधिसत्व डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर संयुक्त जयंती महोत्सव समिति के तत्वाधान में डॉ. आम्बेडकर चौक (हाईकोर्ट के पास) पर धूमधाम से मनाई जाएगी। सुबह 10 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में 10वीं-12वीं में 75% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले एवं जेईई, आईआईआईटी, सीए जैसे प्रतिष्ठित परीक्षाओं में चयनित छात्रों को शील्ड देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मान मिलेगा। समिति के प्रमुख सदस्यों ने दीपक मेश्राम, धर्मशील चाटे, दीपक वानखेडे, सिद्धार्थ उरकुडे, वीरेन्द्र बौद्ध, विजय धाबर्डे, चन्द्रकला ढोके एवं रेखा ने उपस्थित होने की अपील की है।

### ऑल इंडिया समता सैनिक दल देगा सलामी

ऑल इंडिया समता सैनिक दल (रजि.) जिला इकाई जबलपुर के तत्वावधान में प्रात:9 बजे श्रद्धा और सम्मान के साथ प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस अवसर पर समता सैनिक दल के सदस्यों द्वारा बाबा साहेब को सलामी दी जाएगी। जिला, राज्य एवं केंद्रीय इकाई के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से अपील की गई है कि वे दल के गणवेश में समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# नारी सशक्तिकरण से ही देश का विकास संभव

नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर रादुविवि में मंथन, सशक्त महिला नेतृत्व पर जोर

**नवभारत,जबलपुर।** नारी सशक्तिकरण आज की सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक आवश्यकता है। महिलाओं को समान अधिकार, अवसर और सम्मान मिलने से ही देश और समाज का समग्र विकास संभव है। उन्होंने नारी शक्ति को इंद्रधनुष के सात रंगों के समान बताते हुए इसे सशक्त महिला नेतृत्व की दिशा में सकारात्मक पहल है। उक्त बातें रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के विधि विभाग द्वारा आयोजित 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 पर मंथन' कार्यक्रम में प्रभारी कुलगुरु प्रो. राकेश बाजपेयी ने कही। प्रभारी कुलसचिव प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं और यह अधिनियम उनमें एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।



### इनकी रही भागीदारी

कार्यक्रम का संचालन छात्रा हिमांशी मोरे ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. देवीलता रावत ने किया। कार्यक्रम में डॉ. अश्विनी जायसवाल, डॉ. अर्पण शुक्ला, डॉ. उमाकांत गजवीर, डॉ. नीना प्यासी, कैप्टन सुनील शर्मा, डॉ. सुजाता श्रीवास्तव, श्रृजल कावड़े, दिव्या कठार और श्वेता श्रीवास्तव सहित विधि विभाग के विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही।

### महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित

विधि विभागाध्यक्ष प्रो. दिव्या चंसोरिया ने बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 (106वां संवैधानिक संशोधन) के तहत लोकसभा, दिल्ली विधानसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित की गई हैं। अर्जुन अवार्डी हॉकी खिलाड़ी मधु यादव ने महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने और बालिकाओं को शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाने का संदेश दिया। डॉ. ऋचा धीरावाणी ने महिलाओं की 50-50 भागीदारी को लक्ष्य बताते हुए उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। विधि विशेषज्ञ डॉ. अंकिता बिसेन ने बताया कि आरक्षित सीटों में से एक-तिहाई सीटें अनुसूचित जाति एवं जनजाति की महिलाओं के लिए होंगी तथा यह कानून परिसीमन के बाद लागू होगा। हाईकोर्ट लीगल एड. दिव्यकीर्ति बोहरे ने कहा कि यह अधिनियम नीति-निर्माण में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर समावेशी विकास को बढ़ावा देगा। योगाचार्य कल्पना सिंह ने इसे महिलाओं को राष्ट्र निर्माण में अवसर देने वाला कदम बताया, जबकि शिक्षा संकायाध्यक्ष प्रो. अलका नायक ने इसे लैंगिक समानता की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताया।

### सभी पात्र कर्मचारी भविष्य निधि का उठाएं लाभ



**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर में नव पदस्थ क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के.सी.जोशी ने नियोक्ताओं से अपील की है कि सभी पात्र कर्मचारियों को भविष्य निधि (पीएफ) लाभ अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि ईपीएफओ की सभी सेवाएं अब पूरी तरह डिजिटल हैं और इन्हें और अधिक सरल व पारदर्शी बनाया जा रहा है। उन्होंने नियोक्ताओं और सदस्यों से ऑनलाइन सेवाओं का अधिकतम उपयोग करने तथा बिचौलियों से दूर रहने की सलाह दी। जबलपुर स्थित ईपीएफओ क्षेत्रीय कार्यालय के साथ-साथ सतना और छिंदवाड़ा कार्यालयों में नि:शुल्क सुविधा केंद्र और ऑनलाइन सहायता भी उपलब्ध कराई गई है। जबलपुर में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने 20 या अधिक कर्मचारियों वाले सभी प्रतिष्ठानों का ईपीएफओ पंजीकरण अनिवार्य बताया और अनुपालन न करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। साथ ही उन्होंने 'एमनेस्टी योजना 2026' के तहत छूटे हुए कर्मचारियों के नामांकन का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने ठेकेदारों के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों के क्ष्म्ना अंशदान समय पर जमा करने, आधार-पैन को यूएएन से लिंक करने तथा डिजिटल प्रक्रियाओं को अद्यतन रखने पर भी जोर दिया।


माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश

महत्वपूर्ण सूचना
द्वितीय परीक्षा

वर्ष 2026 की हाईस्कूल/ हायर सेकेण्डरी के अनुत्तीर्ण विषयों की परीक्षा देने अथवा अंक सुधार के लिए
द्वितीय परीक्षा का आयोजन

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा अब तक आयोजित होने वाली पूरक परीक्षा के स्थान पर अनुत्तीर्ण विषयों अथवा अंक सुधारने के लिए द्वितीय परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।
- द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए छात्र मुख्य परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही एम.पी. ऑनलाइन के कियोस्क पर अपनी मुख्य परीक्षा के परीक्षाफल के आधार पर द्वितीय परीक्षा के विषय, अनुक्रमांक (रोल नंबर) की जानकारी देकर शुल्क का नगद भुगतान कर परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगे।
- द्वितीय परीक्षा में छात्र को अनुत्तीर्ण विषयों का चयन अनिवार्य है परन्तु उत्तीर्ण विषयों का चयन स्वैच्छिक है।
- द्वितीय परीक्षा की अंक सूची मुख्य परीक्षा की भांति जारी की जायेगी।
- मंडल द्वारा जारी अंक सूची का अधिभार सर्वमान्य है।
- वर्ष 2026 की हाईस्कूल द्वितीय परीक्षा दिनांक 07 मई 2026 से 19 मई 2026 तक एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा दिनांक 07 मई 2026 से 25 मई 2026 तक प्रात: 09:00 से 12:00 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी।
- अंतिम तिथि 2026 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिए एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से मुख्य परीक्षा का रिजल्ट घोषित होने की दिनांक से 07 दिवस की अवधि में परीक्षा आवेदन-पत्र भरे जा सकेंगे।

विस्तृत जानकारी एवं परीक्षा का कार्यक्रम मण्डल की वेबसाइट www.mpbse.nic.in पर उपलब्ध है।

म.प्र. माध्यम/125327/2026